**बिहार सरकार**

# समाहरणालय, बाँका

**(जिला बाल संरक्षण इकाई, बाँका)**

**विज्ञापन संख्या – 01/2025**

निदेशक, समाज कल्याण–सह–उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना के पत्रांक–86, दिनांक–29.01.2025 से प्राप्त निदेश के आलोक में पर्यवेक्षण गृह, बांका के संचालन हेतु विनिर्धारित मानदेय के आधार पर निम्नांकित पदों पर **संविदा आधारित अस्थाई नियोजन** के लिए सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं –

| S.N. | Name of the Post | Number of Post (Reservation Quota) | Qualification | Desired Competencies | Age Minimum & Maximum | Salary per month |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Educator | 01(UR) | 10+2 with Diploma in elementary education (D.El.Ed.) or Bachelor in any discipline from a recognized University. | 1. Good oral and written Communication skill.<br>2. Sensitivity to children in difficult circumstances.<br>3. Should exibit child friendly Communication. | 18 to 45 years | ₹ 10,000/- |
| 2 | Art & Craft cum Music Teacher | 01(UR) | 10+2 with Senior Diploma in Art Craft/Music from a recognized University. | Sensitivity to children in difficult circumstances. Should exibit child friendly communication. | 18 to 45 years | ₹ 10,000/- |
| 3 | PT Instructor cum Yoga Teacher | 01(UR) | 10+2 and Diploma/Degree in Physical education from a recognized University. | Sensitivity to children in difficult circumstances. Should exibit child friendly communication. | 18 to 45 years | ₹ 10,000/- |
| 4 | Cook | 02 (UR-01) (EBC-01) | A person with functional literacy | Demonstrable sensitivity to children in difficult circumstances; | 18 to 45 years | ₹ 9,930/- |
| 5 | Helper-cum-night watchman | 02 (UR-01) (EBC-01) | A person with functional literacy | Demonstrable sensitivity to children in difficult circumstances; | 18 to 45 years | ₹ 7,944/- |
| 6 | Housekeeper | 01(UR) | A person with functional literacy | Demonstrable sensitivity to children in difficult circumstances; | 18 to 45 years | ₹ 7,944/- |

1. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए **विहित प्रपत्र में आवेदन कार्यालय कार्य अवधि में दिनांक 29.03.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक निबंधित डाक/हाथों–हाथ जिला बाल संरक्षण इकाई, द्वितीय तल, समाहरणालय, बांका पिन–813102 में समर्पित करें।** उक्त समय–सीमा के पश्चात् आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
2. कार्यालय के ईमेल पर आवेदन नही भेजें। कार्यालय के ईमेल पर भेजे गए आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा क्योंकि उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए आवेदन पर विचार किए जाने हेतु आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन–पत्र की मूल प्रति अनिवार्य है।
3. आवेदन विहित प्रपत्र में ही भेजें। आवेदन का विहित प्रपत्र एवं विशेष जानकारी जिला के वेबसाईट **www.banka.nic.in** पर उपलब्ध होगी।
4. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, जन्म प्रमाण पत्र (मैट्रीक से निम्न योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए), आवासीय प्रमाण–पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो तो) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें। **अत्यन्त पिछड़ा वर्ग का आरक्षण पाने के लिए सक्षम प्राधिकार से निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।** आवेदन–पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण–पत्रों पर अभ्यर्थी द्वारा अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर किया जाना है।
5. अभ्यर्थी आवेदन के लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में **"पर्यवेक्षण गृह, बांका के लिए विज्ञापित पद हेतु आवेदन"** तथा आवेदित पद के नाम का स्पष्ट उल्लेख करें।
6. प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। एक ही आवेदन पर एक से अधिक पदों का उल्लेख किए जाने की स्थिति में आवेदन में प्रथम स्थान पर उल्लिखित पद के लिए आवेदन को मान्य माना जाएगा।
7. **संविदा आधारित अस्थायी नियोजन के लिए चयनित कर्मी सरकारी सेवक नहीं माने जाएंगे** तथा किसी भी सरकारी सुविधा के अधिकारी नहीं होंगे। उन्हें चयनित पद के अनुरूप उनके द्वारा किए गए कार्य अवधि के लिए केवल विनिर्धारित मानदेय दिया जाएगा।
8. बांका जिला में संचालित बाल देखरेख संस्थानों के लिए चयनित अथवा वर्तमान में कार्यरत कर्मी सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बांका से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही आवेदन करेंगे। ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन के साथ अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं करते हुए उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
9. आवेदन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उक्त पदों पर चयन हेतु गठित जिलास्तरीय चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा। किसी संशोधन, विभाग या वरीय पदाधिकारी से प्राप्त कोई निदेश या अन्य किसी आवश्यक परिस्थिति में इस विज्ञापन को बिना कोई कारण बताए निरस्त किया जा सकता है।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई, बांका

# आवेदन पत्र

समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के अधीन जिला बाल संरक्षण इकाई, बांका द्वारा संचालित पर्यवेक्षण गृह में संविदा पर नियोजन हेतु आवेदन पत्र

**आवेदित पद का नाम .........................** **विज्ञापन संख्या ............................**

पासपोर्ट साइज का स्वअभिप्रमाणित अद्यतन फोटो चिपकायें।

1. आवेदक का नाम ............................................
2. माता/पिता/पति का नाम ....................................
3. कोटि–(सामान्य/पि.व./अ.पि.व./अनु.जा./अनु.जन.जा.) ..........................
4. जाति ............ ........... ............
5. लिंग – पुरुष ☐ ☐ महिला ☐ ट्रांसजेण्डर
6. जन्म तिथि ...
7. राष्ट्रीयता .............................
8. वर्त्तमान/पत्राचार का पता ........................................................................................................................
   ...............................................................................................................
9. स्थायी पता ..................................................................................................................................................
   .....................................................................................
10. दूरभाष/मोबाइल नं0 ........................................................
11. ई–मेल ......................................................
12. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

| शैक्षणिक योग्यता | विद्यालय/महाविद्यालय का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 वीं | | | | | | |
| मैट्रीक | | | | | | |
| इंटर | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | | | |
| अन्य | | | | | | |

13. अनुभव की विवरणी (प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

| क्रम सं0 | संस्था का नाम | पद (जिस पर कार्य किया गया) | कब से | कब तक | वर्त्तमान में कार्यरत हैं या नहीं | कुल कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. घोषणा – मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्त अंकित सभी तथ्य सत्य एवं सही है। मैं उक्त पद के लिए निर्धारित योग्यता एवं अनुभव रखता/रखती हूँ। भविष्य में जाँच के क्रम में यदि कोई तथ्य/सूचना गलत पाया जाता है तो इसकी सारी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी तथा मेरा नियोजन रद्द करते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

तिथि .................... आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर

स्थान ...................